>

Title: Need to provide hand-pumps in every Panchayat of hilly areas in Rajgir and Giriak in Nalanda Parliamentary Constituency of Bihar.

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा) : महोदय, मैं बहुत ही लोक महत्व के अति महत्वपूर्ण मामले को शून्य प्रहर में उठाना चाहता हूं। मैं बिहार से आता हूं और नालंदा मेरा संसदीय क्षेत्र है। मेरे संसदीय क्षेत्र में कुछ पहाड़ी इलाका राजगीर और गिरियक है। हम लोग जब संसदीय क्षेत्र में जाते हैं तो लोगों की एक ही मांग रहती है कि पीने के पानी की किल्लत है। पहाड़ी इलाके में ढाई सौ से पांच सौ फीट नीचे पानी मिलता है। ऐसी स्थिति में छोटे परिवार के लोग बोरिंग नहीं करा पाते हैं और चापाकल नहीं लगा पाते हैं।

मैं सरकार से मांग करता हूं कि पूरे संसदीय क्षेत्र के हर पंचायत क्षेत्र में दस से पन्द्रह चापाकल डीप बोरिंग दी जाए। जिससे गरीब लोगों को पीने का पानी मिल सके।